भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2167

गुरुवार, 4 जुलाई, 2019/13 आषाढ़, 1941 (शक)

राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के लिए लक्ष्य

2167. श्री बालूभाऊ धानोरक उर्फ सुरेश नारायणः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2018-19 के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं;

(ख) आज की तिथि तक हासिल किए गए लक्ष्यों का प्रतिशत कितना है; और

(ग) सरकार द्वारा शीघ्र लक्ष्य हासिल करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): मंत्रालय ने 10000 किमी का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसके मुकाबले वित्तीय वर्ष 2018-19 में 10855 किमी अर्थात 100% से ज्यादा हासिल किया जा चुका है। सरकार द्वारा शीघ्र लक्ष्य हासिल करने के लिए उठाए गए कदम **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं।